बैठक | जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में की निर्माण कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन की समीक्षा

अधिकारी विकास कार्यों में लाएं तेजी : राजेंद्र शुक्ल

नवभारत,शहडोल । मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अधिकारियों को प्रोएक्टिव होकर कार्य करने और सभी विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण सांसद एवं विधायकों के माध्यम से कराया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने विजयसोता पुल निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को 31 अक्टूबर तक पुल निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

बैठक में शहडोल-उमरिया सड़क मार्ग, हिरवार माइक्रो सिंचाई परियोजना, शहडोल नगर सीवरेज प्रोजेक्ट, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनीमिया मुक्त भारत, सिकल सेल उन्मूलन और टीबी मुक्त भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बालिकाओं को प्रत्येक मंगलवार आयरन-फोलिक एसिड की गोली अनिवार्य रूप से दी जाए, ताकि एनीमिया की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा जनजातीय विभाग को समन्वय स्थापित कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए मैदानी स्तर पर नियमित कार्यवाही और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित जांच शिविरों में अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला अस्पताल में उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दूषित पानी कई बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्यों में तेजी लाने तथा भविष्य में एकल नल-जल योजनाओं को समूह नल-जल योजनाओं से जोड़कर फिल्टर युक्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने को कहा। बैठक में उन्होंने बताया कि जिले में 24 नए मेडिकल ऑफिसरों की नियुक्ति की गई है। इनकी सेवाएं सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित की जाएं और कोई भी स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरविहीन न रहे। समिति के सदस्यों के सुझावों पर उन्होंने बस स्टैंड से मेडिकल कॉलेज तक सड़क चौड़ीकरण, मेडिकल चौराहे पर जंक्शन प्वाइंट विकसित करने तथा मेडिकल कॉलेज में सिकल सेल वार्ड स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।उन्होंने जिले में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने पर भी जोर देते हुए कहा कि इससे सिकल सेल और थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैठक में विधायक जयसिंह मरावी, विधायक मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल, जिला योजना समिति सदस्य अमिता चपरा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बंद करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

▶ भारत आदिवासी पार्टी ने वाहनों का माइलेज घटने और इंजन खराब होने का लगाया आरोप

नवभारत,ब्यौहारी । पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को लेकर विरोध अब सड़कों तक पहुंचने लगा है। भारत आदिवासी पार्टी ने केंद्र सरकार की इस नीति का विरोध करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) ब्यौहारी को ज्ञापन सौंपा और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की व्यवस्था तत्काल बंद करने की मांग की। पार्टी के विंध्य प्रभारी लाल बहादुर सिंह नेटी ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से वाहनों का माइलेज कम हो रहा है, इंजन में तकनीकी खराबियां बढ़ रही हैं तथा वाहन मालिकों को बार-बार मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। उनका कहना था कि उपभोक्ता महंगे दामों पर पेट्रोल खरीदने के बावजूद अपेक्षित गुणवत्ता और प्रदर्शन से वंचित हैं, जिससे आम लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि इस नीति का सबसे अधिक असर किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी तथा रोजमर्रा के कामकाज के लिए दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर निर्भर मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। पार्टी का आरोप है कि एथेनॉल मिश्रण से ईंधन की दक्षता और वाहनों की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है।भारत आदिवासी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार को जनहित में आवश्यक निर्देश जारी करने तथा पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की वर्तमान व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है।

विंध्य प्रभारी लाल बहादुर सिंह नेटी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उपभोक्ताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो भारत आदिवासी पार्टी विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में चरणबद्ध जनआंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि करोड़ों वाहन उपभोक्ताओं के आर्थिक हितों और भविष्य से जुड़ा विषय है।ज्ञापन सौंपने के दौरान भारत आदिवासी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार से पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की व्यवस्था समाप्त करने की मांग दोहराई।

एक नजर में

दो महिला कर्मचारियों को मिली कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नति

जबलपुर। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम ने अपनी दो वरिष्ठ महिला कर्मचारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। जारी आदेश के संबंध में अपर आयुक्त (वित्त) अशफाक परवेज कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में सहायक वर्ग-01 के पद पर कार्यरत दो महिला कर्मचारियों को पदोन्नत कर कार्यालय अधीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक वर्ग-01 हर्षबाला जमनोतिया एवं विनीता गायकवाड़ को कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति न सिर्फ इन कर्मचारियों के पद और सम्मान को बढ़ाएगी, बल्कि उनके आर्थिक स्तर को भी मजबूत करेगी। उन्हें अब सातवें वेतनमान के तहत 36,200-1,14,800 (लेवल-09) का वेतनमान प्राप्त होगा।

मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाई रकम

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला निवासी एक युवक के मोबाइल को हैक कर साइबर ठग ने 60 हजार रूपए उड़ा लिए। पुलिस के मुताबिक तुलसी कुमार निवासी चौधरी मोहल्ला तेवर का बाल कटिंग की दुकान चलाता है उसका यूनियन बैंक तेवर में खाता है, साइबर ठग ने उसका मोबाइल हैक किया इसके बाद उसने मोबाइल को रीसेट कर दिया था। इसके बाद अपना गूगल पे एकाउण्ट चैक किया तो उसके खाते में से 60000 रूपये गायब थे ट्रांजेक्शन चैक किया तो गूगल पे एप से उसके मोबाइल नंबर से अज्ञात द्वारा उसके एकाउण्ट से यूपीआई के माध्यम से 60000 रूपये ट्रांसफर कर लिये गए।

7 सूबेदार से रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नति, 3 उपनिरीक्षक बने

जबलपुर। जिले के 7 सूबेदारों को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और वरिष्ठता के आधार पर रक्षित निरीक्षक के पद पर प्रमोट किया गया है। जिसमें सूबेदार मनीष प्यासी, रोहित द्विवेदी, अमित शिवा, दिनेश शर्मा, वीरेंद्र, योगेश चौकसे, अश्वनी पटेल रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। इसके अलावा तीन सहायक उपनिरीक्षक को पदोन्नति देत हुए उन्हें उपनिरीक्षक बनाया गया। जिसमें सहायक उपनिरीक्षक से सतीश झारिया, चंद्रकांत झा, राहुल बघेल, को उपनिरीक्षक पद पर प्रमोट किया गया।

शादी में गया परिवार, घर में हुई लाखों की चोरी

नवभारत,अमलाई । थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी छोटी अमलाई दुर्गा स्टेज के सामने वार्ड क्रमांक 6 निवासी ध्रुव लोनिया ने अमलाई थाने में लिखित सूचना दी की मेरे घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे वह मैं घर पर ही रहता था वह निजी कंपनी पर कार्य करने चला जाता था लेकिन जब मेरे घर के लोग वापस आए वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए बिलासपुर जाने की तैयारी कर रहे थे तभी मेरे परिवार के द्वारा अलमारी में रखे सोने के आभूषण को निकालने के लिए तो अलमारी का कुंदा टूटा हुआ था वह जिसमें आभूषण सामग्री रखी हुई थी जब

आलमारी खोलकर देखा गया तो उसमे रखे सोने के आभूषण गायब थे जिसमें सोने का झुमका अंगूठी ब्रेसलेट बिंदी वअन्य सोने की सामग्री व उसके कागजात गायब थे जिसकी कीमत पीड़ित परियोजना द्वारा 200000 /दो लाख के लगभग बताई गई इसके पश्चात अमलाई थाने में इसकी सूचना दी गई पुलिस द्वारा मौके का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों पर बी, एन, एस की धारा 305(ए)331(4) के तहत मामला पंजीबद कर आगे की विवेचना की जा रही है अमलाई थाना क्षेत्र में चोरी का ये कोई नया मामला नहीं है इसके पूर्व भी कई चोरिया थाना क्षेत्र में हो चुकी है जिन चोरियो का आज तक सुराग नहीं मिल पाया अब देखना होगा पुलिस द्वारा इस चोरी का पर्दाफाश कब तक कर पाती है मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक ठाकुरदास द्वारा की जा रही है।

श्रमजीवी पत्रकार संघ की मुक्त कंठ से उपमुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

▶ लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं पत्रकार योजनाओं की कमियां उजागर कर सुधार का अवसर देते हैं : राजेंद्र शुक्ल

नवभारत,शहडोल। मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं। वे सरकार और जनता के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी बनकर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ उनके क्रियान्वयन में मौजूद कमियों को उजागर कर सुधार का अवसर भी प्रदान करते हैं। कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकार बिना थके और बिना हारे अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। सूर्या इंटरनेशनल होटल में आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डालकर समाज और प्रशासन के बीच सूचना का सेतु बनने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उप मुख्यमंत्री ने श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संघ लंबे समय से पत्रकारों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। पत्रकार कल्याण से जुड़े कई मुद्दों को शासन तक पहुंचाया गया, जिन पर सकारात्मक निर्णय भी लिए गए। यदि किसी एक संगठन से इतने लोग जुड़े हुए हैं तो बेहतर नेतृत्व की ही देन है। सम्मेलन के दौरान जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, रक्तदान के क्षेत्र में रूपाली सिंघई, सांझी रसोई के संचालन के लिए रवींद्र सरदार, समाजसेवा के लिए सिल्लू रजक, गौसेवा के लिए गौरव मिश्रा, साइबर जागरूकता के लिए संतोष दुबे और इशहाक खान सहित पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार करुणेश चंद्र, दैनिक समाचार पत्र नवभारत के ब्यूराचीफ सुनील मिश्रा, लवकुश तिवारी, चंद्रशेखर, अनुशील सिन्हा एवं विकास जोतवानी का सम्मान किया गया।

थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का बदला लेने दुकान को फूंका

ई-रिक्शा, बाइक और मशीनों समेत लाखों का सामान जलकर खाक

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत चौकीताल में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का बदला लेने आरोपियों ने एक वेल्डिंग दुकान में आग लगा दी गई। ई-रिक्शा, बाइक और मशीनों समेत लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि

चौकीताल देवभूमि परिसर निवासी 25 वर्षीय महेंद्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम चौकीताल दलपत मोड़ पर उसकी और उसके बड़े भाई गणेश की संयुक्त वेल्डिंग दुकान है। अर्पित उर्फ गोलू पटेल और संजू पटेल ने जब दुकान थी तब उसमें आग लगा दी । सूचना पर दोनों भाई पहुंचे तो दुकान से धुंआ और आग की लपटें उठ रही थीं। ताला खोलकर देखा गया तो अंदर रखा सारा सामान धू-धू कर जल रहा था। तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दुकान के अंदर रखा भारी मात्रा में कीमती सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया, जिसमें एक ई-रिक्शा एमपी 20 एक्स ई 9249 और सुधारने आई ग्राहक की हीरो मोटरसाइकिल एमपी 20 जेड सी 7609, एयर कंप्रेसर, वाशिंग मशीन, वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडर और हैमर मशीन, 18 पुराने टायर, 72 ट्यूब, 80 ऑयल के डिब्बे, 72 चेक किट और 500 लीटर की पानी की टंकी जल गई। फरियादी महेंद्र अहिरवार के मुताबिक, आरोपी गोलू उर्फ अर्पित पटेल ने पूर्व में भी उनके साथ मारपीट की थी, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने थाने में दर्ज कराई थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपी ने जानबूझकर दुकान को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

साहब ...पति ने फंसाने झूठे दस्तावेज किए हैं तैयार

जबलपुर। वैवाहिक विवाद को लेकर एक महिला ने पति और ससुराल पक्ष पर धोखाधड़ी और जालसाजी की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने कंप्यूटर से फर्जी कॉल डिटेल और मैसेज तैयार किए है ताकि उसे फंसाया जा सके। मामले की शिकायत लेकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई है।

एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता प्रियंका वर्मा (20), निवासी बाजनामठ नई बस्ती, भैरव नगर, पुरवा ने लिखित शिकायत में बताया

कि उसके पति लोकेन्द्र वर्मा और अन्य परिजनों ने उसे फंसाने की नीयत से साजिश रची है। पति ने कंप्यूटर के माध्यम से मोबाइल फोन की एक फर्जी और कूटरचित कॉल डिटेल लिस्ट तैयार की है। पति ने खुद ही फर्जी मोबाइल मैसेज तैयार किए बल्कि सिम का दुरुपयोग करके पति ने मनगढ़ंत मैसेज तैयार किए । जब वह पति के साथ रह रही थी, तब पति ने धोखे से उससे कुछ कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। अब उन कोरे कागजों का दुरुपयोग किया है। पीड़िता ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

ओवरटेक के चक्कर में पलटी पिकअप, 24 घायल

जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत आलासूर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में वाहन में सवार 24 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक करीब 40 मजदूर भरे हुए थे, जो धान की रोपाई करने जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम चरागवां और कूड़ा अमाड़ी से मजदूर एक

पिकअप वाहन में सवार होकर लाहोद गांव धान की रोपाई करने के लिए निकले थे। सफर के दौरान जैसे ही वाहन सिहोरा थाना अंतर्गत आलासूर मोड़ के पास पहुंचा, तभी चालक ने सामने चल रहे एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। रफ्तार अत्यधिक होने के कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और संतुलन बिगड़ने से पिकअप सीधे सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। वाहन पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।

रसल चौक की बदहाल सड़क बनी हादसों का कारण

जबलपुर, नवभारत। शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल रसल चौक की सड़क इन दिनों बदहाली का शिकार है। लगातार बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है। वहीं सड़क पर फैली गिट्टी दोपहिया वाहन चालकों के लिए फिसलन का कारण बन रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं और पास में

प्रमुख अस्पताल होने के कारण मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस व अन्य वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानलेवा बनते जा रहे हैं गड्ढे

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट सिटी की पहचान रखने वाले जबलपुर की प्रमुख सड़कों की यह स्थिति प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े करती है। लोगों का आरोप है कि समय पर मरम्मत नहीं होने से छोटे गड्ढे अब जानलेवा बन चुके हैं और बारिश के दौरान कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से रसल चौक की सड़क की तत्काल मरम्मत, गड्ढों को भरने तथा सड़क पर फैली गिट्टी हटाने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

मुलाकात | कोयला खदानों की सुरक्षा और समन्वय पर हुई अहम चर्चा

महाप्रबंधक बीके जेना ने एसपी संजय कुमार अग्रवाल से की शिष्टाचार भेंट

नवभारत,धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी.के. जेना ने नवागत शहडोल जिले के पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमे कोयलांचल क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कबाड़ चोरी मे संलिप्त माफियाओं जो कोयला खदानों के बेसकीमती सामानों की चोरी में संलिप्त रहते हैं व भय वह अपराध का माहौल निर्मित करते हैं इन सभी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान महाप्रबंधक बी.के. जेना ने सोहागपुर एरिया की कोयला परियोजनाओं में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, कोयला परिवहन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने जैसे मुद्दों पर पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन और परिवहन सुचारु रूप से संचालित हो, इसके लिए पुलिस और एसईसीएल प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है व कोल माफियाओ पर अंकुश लगाए जो अवैध कोयला तस्करी में शामिल रहकर राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिनमें प्रमुख रूप से रामपुर/बटुरा मे कोल माफियाओ द्वारा खुलेआम कोयला तस्करी की जाती है जिस पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया जाए ।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पुलिस प्रशासन सहयोग करेगा

पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने भी एसईसीएल प्रबंधन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोयला खदानों और उनसे जुड़े क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। साथ ही अवैध कोयला उत्खनन, चोरी और परिवहन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और एसईसीएल के बीच बेहतर समन्वय से न केवल औद्योगिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित होंगी, बल्कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास को भी मजबूती मिलेगी। दोनों अधिकारियों ने भविष्य में भी आपसी संवाद और समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर एसईसीएल सोहागपुर एरिया के सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह भी उपस्थित रहे। यह शिष्टाचार भेंट पुलिस प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

जनजातीय समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : आर्य

▶ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने की योजनाओं की समीक्षा

नवभारत,शहडोल। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ जनजातीय समाज के अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री आर्य ने जनजातीय समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय बच्चों की शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने, नियमित उपस्थिति बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही जनजातीय महिलाओं की साक्षरता बढ़ाने और उन्हें कौशल विकास से जोड़ने के भी निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए आयोग अध्यक्ष ने दूरस्थ जनजातीय ग्रामों, मजरा-टोला और बस्तियों में बिजली, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के सभी लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे।सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा के दौरान श्री आर्य ने जनजातीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान और उपचार से इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। श्री आर्य ने अधिकारियों से कहा कि विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जनजातीय समाज के विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके और पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे।बैठक में प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।